रेड एटलस एक्शन प्लान मैप

प्रीलिम्स के लिये:

रेड एटलस एक्शन प्लान मैप, NIOT

मेन्स के लिये:

बाढ़ प्रबंधन से संबंधित मुद्दे

चर्चा में क्यों

हाल ही में उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने तटीय बाढ़ चेतावनी प्रणाली हेतु रेड एटलस एक्शन प्लान मैप का अनावरण किया।

रेड एटलस एक्शन प्लान मैप

(Red Atlas Action Plan Map):

- इसका उद्देश्य बाढ़ शमन, प्रबंधन, तैयारियों और संचालन संबंधी पहलुओं को सुलभ बनाना है। इसको पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा विकसित किया गया है।
- इसका अनौपचारिक प्रयोग तमिलनाडु की सरकार द्वारा चेन्नई में प्रभावी बाढ़ शमन में मदद करने के लिये तैयार किया गया था।

राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान

National Institute of Ocean Technology- NIOT

- **NIOT** को नवंबर, 1993 में भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त सोसायटी के रूप में स्थापित किया गया था।
- NIOT को शासन परिषद द्वारा प्रबंधित किया जाता है और जिसका प्रमुख संस्थान का निदेशक होता है।
- NIOT का मुख्य उद्देश्य भारत के विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (Exclusiv Economic Zone- EEZ) में संसाधनों के समुचित दोहन के लिये स्वदेशी तकनीक विकसित करना है।
- **मिशन:**
    - महासागर संसाधनों के सतत् उपयोग हेतु विश्व स्तरीय प्रौद्योगिकियाँ विकसित करना और उनका अनुप्रयोग ।
    - महासागरों के लिये कार्य करने वाले संगठनों के लिये तकनीकी सेवाओं और समाधानों को समन्वित करना।
    - समुद्री संसाधनों और पर्यावरण के प्रबंधन हेतु भारत में संस्थागत क्षमताओं का विकास करना।

स्रोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/red-atlas-action-plan-map